हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 25 फरवरी 2026

06 मां नर्मदा बचाओ का संदेश: आरती के साथ...



07 बगैर रेट लिस्ट लगाए प्रिंट रेट से महंगे दामों में बेची जा...






## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित




**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 85 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।

### राज्य कर्मचारी संघ आज सौपेगा ज्ञापन

**सीहोर।** म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ कर्मचारियों की लंबित मांगो के निराकरण हेतु भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व मे मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन आज दिनांक 25 फरवरी 2026 को जिला कलेक्टर को सौंपा जावेगा। मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष कुंदन लाल राय ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी के आव्हान पर कर्मचारियों की लंबित तीस सूत्रीय मांगों के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा जावेगा। मांगो के निराकरण न होने की दशा मे राज्य कर्मचारी संघ आन्दोलन के लिए बाध्य होगा। राज्य कर्मचारी संघ के ओ.पी. शर्मा, बलराम पंवार, विनोद जोशी, अंकुर शर्मा, सुरेन्द्र यादव, लखन लाल महेश्वरी, राकेश केलोदिया, संतोष जैन, दौलतराम अहिरवार, विक्रम सिंह मेवाड़ा, लाड़ सिंह बकोदिया, अरुण जोशी, संतोष शर्मा, अनिल शर्मा, गोपाल सिंह ठाकुर, देवेन्द्र कुमार आर्य, संतोष सिंह, विवेक दुबे, आशीष शर्मा, राजपाल गिरोठिया, विजय, अतुल शर्मा, योगेश त्यागी, सुधीर खापरे, मनोज व्यास, बलवीर सिंह शाक्य आदि ने सभी कर्मचारियों से जिलाधीश कार्यालय सीहोर पर सांय 4:30 बजे उपस्थित रहने की अपील की है।

# सेवा की अनूठी मिसाल: टीम संडे का सुकून के मोक्ष वाहन ने एक साल में 200 परिवारों का संबल बनकर बढ़ाया हाथ

## नि:शुल्क सेवा, राम भजनों की गूंज और सेवाभाव, शहर से लेकर गांव तक शोकाकुल परिवारों का सारथी बना वाहन




**सीहोर।** जब किसी परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटता है और कोई अपना साथ छोड़ जाता है तो उस कठिन घड़ी में अंतिम संस्कार की व्यवस्थाएं जुटाना एक बड़ी चुनौती होती है। शहर की जागरूक युवाओं की टोली टीम संडे का सुकून ने इसी पीड़ा को समझा और आज से ठीक एक साल पहले शहर में मोक्ष वाहन सेवा की शुरुआत की थी। इस सेवा ने सफलतापूर्वक अपना एक साल पूरा कर लिया है, जो अब शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक बड़ा संबल बन गई है।

टीम संडे का सुकून ने बताया कि पिछले एक साल के सफर में यह मोक्ष वाहन 200 से अधिक शोकाकुल परिवारों के बीच पहुंच चुका है। मात्र एक कॉल पर वाहन प्रशिक्षित चालक के साथ मृतक के निवास पर पहुंच जाता है। वाहन के भीतर व बाहर गूंजते राम भजन वातावरण में एक आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं, जो शोकाकुल परिजनों को संबल देने का काम करते हैं।

### बिना किसी शुल्क के उठाई बड़ी जिम्मेदारी

सबसे खास बात यह है कि इस पूरी सेवा का प्रबंधन और आर्थिक भार टीम संडे का सुकून खुद ही उठाती है। टीम ने जानकारी दी कि साल भर में वाहन के संचालन पर लगभग 2 से 2.5 लाख रुपये का खर्च आया है। इसमें प्रशिक्षित वाहन चालक का वेतन, डीजल का खर्च और वाहन का रखरखाव शामिल है।

**मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते चालक :** मोक्ष वाहन के चालक केवल गाड़ी ही नहीं चलाते, बल्कि वे अंतिम विदाई की प्रक्रियाओं में हाथ बंटाकर मानवीय संवेदनाओं का परिचय भी देते हैं। टीम सदस्यों के अनुसार सेवा का दायरा केवल शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के गांवों से सूचना मिलने पर भी टीम तत्परता से वहां पहुंचती है।

### शहरवासियों ने सराहा युवाओं का जज्बा

टीम संडे का सुकून के इस सेवाभावी कार्य की नगर में मुक्त कंठ से सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि जहां आज के दौर में हर चीज व्यापार बन गई है, वहीं इन युवाओं ने निःस्वार्थ भाव से समाज की सेवा का जो बीड़ा उठाया है, वह प्रेरणादायी है। टीम ने बताया कि इस सेवा के लिए हमने मोबाइल नंबर 8120205052 जारी कर रखा है।

## किराए के मकान में चल रहा था बनाने का कारखाना, 792 किलो नकली घी जब्त

# सीहोर शहर के बाजार में भी खूब खप रहा था सांची का नकली घी !

सीहोर शहर के कुछ दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर एक बड़ा खुलासा किया है। उनके मुताबिक बाजार में सांची घी की भारी मांग का फायदा उठाकर कुछ लालची दुकानदार चंद रुपयों के ज्यादा मुनाफे के चक्कर में इस नकली घी को बेच रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मप्र के सबसे भरोसेमंद ब्रांड सांची के नाम पर मौत का सामान बेचने वाले एक बड़े गिरोह का प्रशासन ने भंडाफोड़ किया है। जावर तहसील के ग्राम डोडी में लंबे समय से चल रही एक अवैध फैक्ट्री पर छापा मारकर टीम ने करीब 792 किलो नकली घी और भारी मात्रा में पैकिंग मटेरियल जब्त किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस नकली घी की सप्लाई सीहोर शहर के कई बाजार में भी धड़ल्ले से की जा रही थी। सीहोर शहर के कुछ दुकानदारों ने नाम न छापने की शर्त पर एक बड़ा खुलासा किया है। उनके मुताबिक बाजार में सांची घी की भारी मांग का फायदा उठाकर कुछ लालची दुकानदार चंद रुपयों के ज्यादा मुनाफे के चक्कर में इस नकली घी को बेच रहे हैं। यह जहर सांची की हूबहू दिखने वाली पैकिंग में आता है, जिससे आम ग्राहक असली और नकली का फर्क नहीं कर पाता।

### किराए के मकान में चल रहा था मौत का खेल

जावर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा और खाद्य निरीक्षक



कीर्ति मालवीय के नेतृत्व में हुई इस छापामार कार्रवाई ने पूरे जिले में हड़कंप मचा दिया है। यह फैक्ट्री डोडी निवासी मानसिंह सेंधव के मकान में संचालित हो रही थी, जिसे कल्याणपुरा निवासी गौरव वर्मा ने किराए पर ले रखा था। जैसे ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, आरोपी गौरव वर्मा वहां से फरार होने में कामयाब रहा।

### फैक्ट्री सील, अब कार्रवाई की तैयारी

तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा ने बताया कि आरोपी वनस्पति घी में मिलावट कर उसे सांची के रैपर में पैक करता था और बाजार में असली बताकर खपाता था। फिलहाल फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। प्रशासन ने मकान मालिक के माध्यम से संचालक को लाइसेंस और फूड सेफ्टी से जुड़े दस्तावेज पेश करने को कहा है। वैध दस्तावेज न होने पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और खाद्य अपमिश्रण अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### क्या-क्या मिला मौके पर

प्रशासन की टीम जब फैक्ट्री के अंदर दाखिल हुई तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गई। छापे के दौरान 792 किलो नकली घी जो वनस्पति घी और अन्य रसायनों को मिलाकर तैयार किया गया था। सांची कंपनी के भारी मात्रा में फर्जी रैपर और पैकिंग डिब्बे। वनस्पति घी के कई खाली और भरे हुए टीन जब्त किए हैं।

# जिला अस्पताल में स्टाफ नर्स पर अभद्रता का आरोप, सौंपा ज्ञापन




**सीहोर।** जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों के साथ स्वास्थ्य कर्मियों के दुव्र्यवहार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला एक प्रसूता और उसके नवजात बच्चे के साथ हुई अभद्रता का सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित दांगी समाज के दर्जनों लोगों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी की और दोषी स्टाफ नर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार श्यामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला ने पुत्र को जन्म दिया था। जन्म के कुछ समय बाद ही नवजात की तबीयत बिगडऩे लगी, जिस पर वहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सीहोर रेफर कर दिया। परिजन उम्मीद लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन वहां का अनुभव बेहद कड़वा रहा।

**आधी रात को निजी अस्पताल जाने की आई नौबत :** परिजनों का आरोप है कि जब वे नवजात को लेकर अस्पताल पहुंचे, तो वहां ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्स ने उनके साथ बेहद अभद्र और अमानवीय व्यवहार किया। परिजनों ने बताया कि नर्स के व्यवहार से वे इतने आहत और भयभीत हुए कि उन्हें रात के अंधेरे में ही अपने बच्चे की जान बचाने के लिए उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। परिजनों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में इलाज मिलना तो दूर, वहां उन्हें अपमानित होना पड़ा।

### दांगी समाज ने खोला मोर्चा

इस घटना की जानकारी मिलते ही दांगी समाज के प्रतिनिधि और सदस्य बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में तैनात कर्मचारी जनता के सेवक हैं, न कि उनके साथ दुव्र्यवहार करने के लिए। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि आरोपी स्टाफ नर्स को तत्काल चिन्हित कर उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

**भविष्य में पुनरावृत्ति न होने की चेतावनी :** समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मांग की है कि जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में किसी भी गरीब या असहाय मरीज के साथ इस तरह का व्यवहार न हो। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दोषी कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं होती है तो समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# फिर बढ़ी ठंड:24 घंटे में 5 डिग्री लुढ़का पारा, फरवरी माह में तीन बार बदला मौसम



**सीहोर।** जिले में एक बार फिर ठंड ने वापसी कर ली है। मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह बीते 24 घंटों में 5 डिग्री की गिरावट है। सोमवार को यही तापमान 15 डिग्री सेल्सियस था। अचानक ठंड बढ़ने से लोगों को सुबह अलाव का सहारा लेना पड़ा। हालांकि सुबह 9 बजे के बाद धूप निकलने से हल्की गर्माहट महसूस हुई।

**फरवरी में बदलता रहा मौसम :** फरवरी महीने में मौसम लगातार बदलता रहा है। पहले सप्ताह में घना कोहरा रहा। दूसरे सप्ताह में ठंड बढ़ी। तीसरे सप्ताह के आखिर में तीन दिनों तक रुक-रुक कर बारिश हुई। अब चौथे सप्ताह की शुरुआत फिर तेज ठंड के साथ हुई है। इस उतार-चढ़ाव से लोगों को कभी ठंड तो कभी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

**बारिश से किसानों को परेशानी:** हाल ही में हुई बारिश से किसानों को नुकसान उठाना पड़ा। गेहूं और चने की कटाई के समय बारिश होने से कटी हुई फसलें भीग गईं। अब किसान उन्हें सुखाने में जुटे हैं। पिछले तीन दिनों तक जिले में काले बादल छाए रहे और लगातार बारिश होती रही। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस. तोमर ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने और हवाओं की दिशा बदलने के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह बदलता रह सकता है।

### पिछले दिनों का न्यूनतम तापमान

17 फरवरी: 19 डिग्री
18 फरवरी: 15 डिग्री
19 फरवरी: 11 डिग्री
20 फरवरी: 12 डिग्री
21 फरवरी: 11 डिग्री
22 फरवरी: 11 डिग्री
23 फरवरी: 15 डिग्री
24 फरवरी: 10 डिग्री

# एसडीएम न्यायालय ने बुजुर्ग मां को दिलाया भरण-पोषण का अधिकार

**सीहोर।** जिले के ग्राम पीपलिया मीरा निवासी कमला बाई ने अपने भरण-पोषण के लिए जब कानून का दरवाजा खटखटाया तो यह मामला केवल एक पारिवारिक विवाद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज के सामने बुजुर्ग माता-पिता की स्थिति का एक वास्तविक चित्र भी प्रस्तुत करता है। पति के निधन के बाद उन्होंने अपने पुत्र के सहारे जीवन यापन की उम्मीद की थी, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बनीं कि उन्हें अपने ही घर से अलग रहना पड़ा और भरण-पोषण के लिए दूसरों पर निर्भर होना पड़ा।

कमला बाई ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के अंतर्गत सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि पिछले एक वर्ष से उनके पुत्र संजय द्वारा उन्हें घर में नहीं रहने दिया जा रहा है तथा उनकी भूमि के उपयोग में भी बाधा उत्पन्न की जा रही है। भरण-पोषण की व्यवस्था न होने के कारण उन्हें रिश्तेदारों के यहां रहकर जीवन यापन करना पड़ रहा है। उन्होंने अपने जीवन निर्वाह हेतु भरण-पोषण राशि दिलाने का आग्रह किया। एसडीएम तन्मय वर्मा ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया और पुत्र को न्यायालय में उपस्थित होने का नोटिस जारी किया। सुनवाई के दौरान जब पुत्र माता का भरण पोषण नही करने का कोई ठोस कारण नहीं बता पाया, तब न्यायालय ने आदेश देते हुए उसे अपनी माता को प्रतिमाह 1500 रुपये भरण-पोषण राशि देने के आदेश दिए। यह प्रकरण यह भी दर्शाता है कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानून प्रभावी रूप से कार्य कर रहा है। साथ ही यह समाज के लिए एक संदेश भी है कि बुजुर्ग माता-पिता को सम्मानजनक जीवन देना केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि बच्चों की जिम्मेदारी और सामाजिक संवेदनशीलता का भी विषय है।

## जनता ने ओवर नाईट रूकवाने की मांग रखी, आमजन में दिखा खासा उत्साह

# सासंद और विधायक ने एक्सप्रेस ट्रेन लेकर पहुंचे रेलवे पायलट का स्वागतकर, ट्रेन को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को विधायक सुदेश राय और सासंद आलोक शर्मा ने लम्बे समय से जनता के द्वारा की जा रही रेलवे स्टेशन पर अहमदाबाद गोरखपुर एवं बान्द्रा

टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस ठहराव की मांग को पूरा कर दिया। एक्सप्रेस ट्रेन लेकर पहुंचे रेलवे पायलट का फूल मालाऐं पहनाकर विधायक सुदेश राय और सासंद आलोक शर्मा ने स्वागत कर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे की यात्रा के लिए रवाना किया। ट्रेन के ठहराव शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान ही जनता ने ओवर नाईट ट्रेन




को रूकवाने की मांग सासंद आलोक शर्मा और विधायक सुदेश राय के समक्ष रख दी। कार्यक्रम को विधायक सुदेश राय और सासंद आलोक शर्मा ने संबोंधित करते हुए स्टेशन पर अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज कराने सहित अव्य सुविधाओं को भी शीघ्र पूरा कराने की बात कहीं।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंरस राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन,मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति आदि मंच पर दिखाई दिए। स्टेशन पर पहुंचे डेली अपडाउनर्स एसोसिएशन भोजपुरी समाज, ब्राहम्ण समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक सुदेश राय और सासंद आलोक शर्मा को अन्य सभी टश्नेों के ठहराव के लिए ज्ञापन दिया।

### भारतीय मजदूर संघ का देशव्यापी विरोध दिवस आज

**सीहोर।** पुरी, ओडिशा में आयोजित 21वें अखिल भारतीय अधिवेशन के आह्वान पर भारतीय मजदूर संघ 25 फरवरी बुधवार को पूरे देश में विरोध दिवस मनाएगा। इसी के तहत जिला मुख्यालय पर बीएमएस की सभी इकाइयां धरना प्रदर्शन आयोजित करेंगी। आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शासकीय, अद्र्धशासकीय, संविदा कर्मचारी शामिल होकर अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाएंगे। बीएमएस ने समय-समय पर सरकार के समक्ष अनेक ज्वलंत मुद्दे उठाए हैं, किंतु अब तक उनकी ओर से अपेक्षित सकारात्मक और ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लाखों मिड-डे मिल और आशा कार्यकर्ता आज भी अत्यंत अल्प मानदेय पर कार्य कर रही हैं। पाँच दशकों की सेवा के बाद भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को केवल योजनाकर्मी माना जाता है। जबकि उनसे प्रतिदिन 10 घंटे से अधिक कार्य लिया जा रहा है और लगातार नई जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मानदेय वृद्धि के प्रति अनिच्छा दिखाई जा रही है। आठ राज्यों में राष्ट्रीय वस्त्र निगम की मिलों के श्रमिकों को महामारी के बाद से केवल प्रतिशत वेतन मिल रहा है और पिछले दस महीनों से वेतन बकाया है। देशभर के विद्युत कर्मचारी डिस्कॉम को सरकारी क्षेत्र में बनाए रखने और निजीकरण का विरोध करने के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। ईपीएस-95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन राशि एक हजार आज भी अपरिवर्तित है। जिससे लाखों पेंशनभोगियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन गंभीर परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बीएमएस की इकाइयाँ देशभर में धरना प्रदर्शन रैली के माध्यम से प्रधानमंत्री, केन्द्रयी श्रत्रमंत्री और राज्यों के मुख्यमंत्रियों को ज्ञापन सौंपेंगे।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को दिया गया मिलावट की जांच करने का प्रशिक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सलकनपुर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों की जांच का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान विभाग की चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बंसल द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि खाद्य पदार्थ में मिलावट की जांच किस प्रकार की जाती है। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा रेहटी स्थित दों दुकानों ज्योति किराना, मां कृपा स्टोर से जांच के लिए विभिन्न खाद्य सामग्रियों के नमूने भी लिए गए हैं।

### सात दिवसीय नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ शुरू

**सीहोर।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे अष्टानहिका का महापर्व के पावन अवसर पर प.पू. आचार्य विद्यासागर महाराज आचार्य समय सागर महाराज और मुनि श्री 108 अक्षय सागर महाराज एवं नवाचार मुनि उपसम सागर महाराज की असीम कृपा और आशीर्वाद से 4 फरवरी से 4 मार्च तक सात दिवसीय सिद्धपुर की नगरी में सिद्धों की आराधना करते हुए नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति के तत्वाधान मे सकल जैन समाज द्वारा आयोजित होने जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रति दिन प्रातः 6:30 बजे से मंगलाष्टक और अभिषेक शांतिधारा नित्य नियम पूजन अर्चना नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान प्रारम्भ होगा।
दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति अध्यक्ष अजय जैन ने समस्त श्रध्दालुओ से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या मे पुनीत धार्मिक अनुष्ठान मे उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करे ।

### समग्र आईडी और आधार कार्ड से ईकेवाईसी आवश्यक

**सीहोर।** सभी आमजन को को सूचित किया गया है कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिये सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं उन्हें अपने-अपने भू-खण्ड एवं कृषि भूमियों का समग्र आई.डी. एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी कराना आवश्यक है। अगर आप अपनी भूमियों की हेरा-फेरी एवं जमीन संबंधी गड़बड़ियों से बचना चाहते और अपने भूखण्ड, मकान, दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित रखना चाहते हो तो आप सभी अपने नजदीकी सीएससी कंप्यूटर सेंटर पर जाकर अपनी-अपनी कृषि भूमियों, भूखण्डों, प्लाट एवं मकानो की ईकेवाईसी अवश्य कराएं और शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं और होने वाली धोखाधड़ी तथा असुविधा से बच सकते हैं।

छीपानेर से बुधनी तक नर्मदा की सफाई करने का पुण्य प्रदा समग्र सेवा समिति ने लिया संकल्प

# मां नर्मदा बचाओ का संदेश: आरती के साथ स्वच्छता अभियान से पर्यावरण को बढ़ावा

समिति के सदस्यों का कहना है कि मां नर्मदा केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि जीवनदायिनी धारा हैं। इसलिए उनकी स्वच्छता और संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

तहसील भैरूंदा के प्रसिद्ध नीलकंठ धाम सहित सातदेव, टीगाली सीलकंठ , मंडी और छिदगांव काछी के नर्मदा तट इन दिनों भक्ति और सेवा भाव का अद्भुत संगम बन गए हैं। यहां श्रद्धालु केवल आरती में शामिल होकर आस्था प्रकट नहीं कर रहे, बल्कि स्वच्छता अभियान के माध्यम से मां नर्मदा को स्वच्छ और निर्मल रखने का संकल्प भी ले रहे हैं।

नर्मदा नदी के पावन तट पर प्रति रविवार नीलकंठ घाट पर भव्य आरती का आयोजन किया जा रहा है। पुण्य प्रदा समग्र सेवा समिति, नीलकंठ भैरूंदा के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शाम 6 बजे होने वाली आरती में महिलाएं, युवा और बुजुर्ग श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर मां की आराधना कर रहे हैं।

समिति के सदस्यों का कहना है कि मां नर्मदा केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि जीवनदायिनी धारा हैं। इसलिए उनकी स्वच्छता और संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से नर्मदा तट से सटे प्रमुख घाटों पर नियमित साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। घाटों से प्लास्टिक और अन्य कचरे को हटाकर स्वच्छ वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है।



### छीपानेर से बुधनी तक सफाई का संकल्प

समिति द्वारा छीपानेर से लेकर बुधनी तक नर्मदा के प्रमुख तटों पर चरणबद्ध तरीके से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अलग-अलग दिनों में विभिन्न घाटों पर पहुंचकर स्वयंसेवक श्रमदान कर रहे हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं को नदी में कचरा न डालने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के साथ समिति द्वारा "पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ" का संदेश भी दिया जा रहा है। तटों के आसपास पौधारोपण कर हरित वातावरण तैयार करने की पहल की जा रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके।

धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का यह अनूठा संगम क्षेत्र में मिसाल बनता जा रहा है। मां नर्मदा की आरती के माध्यम से जहां श्रद्धालु आध्यात्मिक शांति का अनुभव कर रहे हैं, वहीं स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ "मां नर्मदा बचाओ" का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

### भाईयों में प्रेम स्नेहा त्याग तपस्या का भाव जगाती है: पं. राजेश शर्मा

**सीहोर।** रामायण जी हमें संयुक्त परिवार में जीना सिखाती है। भाईयों में प्रेम स्नेहा त्याग तपस्या का भाव जगाती है और भागवत गीता हमें भगवान की भक्ति के साथ मरना सिखती है। संयुक्त परिवार के लाभ अगर समझना है तो रामायाण महाग्रंथ को पढना चाहिए और सरलता से आत्मकल्याण के साथ मरना सीखना है तो भागवत गीता पढना चाहिए उक्त यद्गार सोमवार को मोर गार्डन में आयोजित कथा में सुनाते हुए पंडित राजेश शर्मा ने व्यक्त किए। श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण का जन्मउत्सव मनाया गया। यजमान अनिल सक्सेना और परिजनों ने गीताजी की आरती की और समस्त देवी देवताओं की विश्व कल्याण के लिए स्तुति की। पंडित राजेश शर्मा ने रामचरित्रमानस सुनाते हुए कहा कि राम जी के बाद कैकेयी के पुत्र भरत तथा सुमित्रा के दो पुत्र लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म हुआ। यद्यपि जन्म का दृश्य नारायण की लीला था लेकिन उनका शरीर माया से नहीं बल्कि दिव्य गुणों से युक्त था जिसे साक्षात विष्णु का अवतार माना जाता है। लेकिन भागवत ने भी उनको दिव्य और आदर्श स्वरूप को धर्म का रक्षक बताया गया है। उन्होने कहा कि भगवान कृष्ण का जन्म द्वापर युग में भाद्रपद माह के कृष्णपक्ष की अष्टमी को मथुरा के कारागार में माता देवकी और वासुदेव के यहाँ हुआ था। अत्याचारी राजा कंस की बहन का विवाह वासुदेव के साथ सम्पन्न हुआ था।

## 41 टन सामग्री से विशाल हवन-महायज्ञ, शिव महापुराण कथा व 151 ब्राह्मण कराएंगे अखंड दुर्गापाठ

### भव्य शोभायात्रा के साथ 21 दिवसीय धार्मिक महाआयोजन 18 मार्च से

**भैरुंदा।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पातालेश्वर महादेव मंदिर, ग्राम सातदेव में इस वर्ष आस्था का विराट संगम देखने को मिलेगा। श्री दादाजी दरबार में 18 मार्च से 7 अप्रैल 2026 तक 21 दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में व्यापक तैयारियां जारी हैं और पूरे क्षेत्र में श्रद्धा व उत्साह का वातावरण निर्मित हो चुका है। तहसील भैरुंदा सहित सीहोर, हरदा, देवास और आसपास के जिलों के श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रण दिया गया है।




आयोजन के तहत 41 टन सामग्री से धुनीवाले दादाजी का विशाल हवन एवं महायज्ञ संपन्न होगा, जो इस क्षेत्र के अब तक के सबसे बड़े अनुष्ठानों में से एक माना जा रहा है। 18 मार्च से 7 अप्रैल तक 151 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा अखण्ड दुर्गापाठ किया जाएगा। वहीं 29 मार्च से 7 अप्रैल तक संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा, जिसमें राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता श्रीमन हरिहर वैष्णवाचार्य पूज्य श्री पीलेश कृष्ण जी महाराज श्रद्धालुओं को कथा अमृत का रसपान कराएंगे। आयोजन की शुरुआत 18 मार्च को भव्य शोभायात्रा के साथ होगी, जिसमें धर्मध्वजा, बैंड-बाजे और भक्तों की विशाल सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए दादाजी भक्त गांव-गांव पहुंचकर आमजन को आमंत्रित कर रहे हैं। जगह-जगह बैनर-पोस्टर लगाए जा रहे हैं और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की जा रही है। आयोजन समिति के अनुसार यह अनुष्ठान न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरण का भी संदेश देगा। दैनिक कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन सुबह 8 बजे श्री दादाजी महाराज की आरती होगी। इसके पश्चात माँ नर्मदा का 151 लीटर दूध से अभिषेक पूजन तथा सुबह 9 बजे निशान अर्पण किया जाएगा। प्रतिदिन माँ दुर्गा का पूजन एवं 1100 फलों से विशेष अर्चन होगा। दादा भक्तों के लिए सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक भंडारे की व्यवस्था रहेगी। दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। रात्रि 7:30 बजे 21 हजार दीप प्रज्वलित कर श्री दादाजी महाराज की महाआरती की जाएगी, जो आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगी। प्रतिदिन 21 क्विंटल सामग्री से महाहवन संपन्न होगा। वहीं रात्रि 8:30 बजे से समस्त क्षेत्र एवं जिला वासियों के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। 7 अप्रैल 2026 को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ आयोजन का समापन होगा। यह धार्मिक अनुष्ठान माँ नर्मदा के उत्तर तट स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर, ग्राम सातदेव, तहसील भैरुंदा, जिला सीहोर (म.प्र.) में आयोजित होगा, जो छीपानेर से 5 किलोमीटर पूर्व एवं बोरखेड़ाकला से 13 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है।

आयोजनकर्ता आजीवन नर्मदा परिक्रमावासी संत श्री शिवानंद जी महाराज (अखण्ड ज्योति) ने श्रद्धालुओं से धर्मलाभ लेने हेतु अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है। क्षेत्र में इस भव्य आयोजन को लेकर व्यापक उत्साह देखा जा रहा है और श्रद्धालु इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए उत्सुक हैं।

## नव निर्मित स्वागत द्वार बना आकर्षण का केंद्र, रात के अंधेरे में रोशनी से जगमगाया

**भैरुंदा।** नगर के सौंदर्यीकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए नगर परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 11 में निर्मित खेड़ापति सरकार का स्वागत द्वार इन दिनों शहरवासियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आधुनिक डिज़ाइन और आकर्षक रोशनी से सुसज्जित यह स्वागत द्वार रात के अंधेरे में दूर से ही चमकता नजर आता है। जैसे ही शाम ढलती है, रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाता यह द्वार मानो नगर के गौरव और आस्था का प्रतीक बनकर खड़ा हो जाता है। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर के नेतृत्व में तैयार किए गए इस स्वागत द्वार को विशेष रूप से धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है। द्वार की बनावट, उस पर की गई सजावट और प्रकाश व्यवस्था इसे अन्य निर्माण कार्यों से अलग पहचान देती है। राहगीर हों या स्थानीय नागरिक, हर कोई इस भव्य संरचना को देखकर कुछ पल रुकने को मजबूर हो जाता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस प्रकार के सौंदर्यीकरण कार्यों से न केवल नगर की छवि निखरती है, बल्कि धार्मिक स्थलों की गरिमा भी बढ़ती है। खासतौर पर रात्रि में जब पूरा क्षेत्र रोशनी से नहा उठता है, तो दृश्य मनमोहक बन जाता है। कई लोग यहां पहुंचकर फोटो और वीडियो भी बना रहे हैं। इस कार्य को साकार रूप देने में वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद विद्या राजेश पंवार के अथक प्रयास उल्लेखनीय रहे। उनके सतत प्रयासों और नगर परिषद अध्यक्ष के मार्गदर्शन में यह स्वागत द्वार आकार ले सका। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर का कहना है कि भविष्य में भी इसी तरह के विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि भैरुंदा नगर की पहचान और अधिक सशक्त हो सके।



### कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। बता दें कि पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है। इसके तहत कोई पेंशनर साल के जिस महीने में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे।

## आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए बैठक आयोजित

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सम्बंध में सीहोर अभिभाषक संघ के सभाकक्ष में न्यायाधीशगण, अधिवक्ताओं और लीगल एंड डिफेंस काउंसिल की बैठक एवं जागरूकता शिविर का आयोजित किया गया।



बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश ने आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण का आह्वान किया और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नेशनल लोक अदालत में त्वरित निराकरण से पक्षकारों का विश्वास बढ़ता है। सभी को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण का विकल्प अपनाना चाहिए और पक्षकारों को लाभांवित करना चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह ने नेशनल लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये अधिक से अधिक पक्षकारों तक इसका लाभ पहुंचाने की अपील की।

इसके साथ ही उन्होंने नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों एवं जलकर, सम्पत्तिकर के प्रकरणों में घोषित छूट के बारे में जानकारी देते हुय अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील भी की। बैठक में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई, विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, द्वितीय जिला न्यायाधीश एमके वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता, न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल पारे, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, पैनल एवं अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

### मकान सूचीकरण और मकान गणना का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आरंभ

**सीहोर।** जनगणना निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार सीहोर जिला मुख्यालय में जनगणना -2027 अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के संबंध में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। आगामी एक मई से 30 मई की अवधि में जनगणना की निर्धारित प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। राज्य स्तर से नियुक्त जिला प्रभारी एवं प्रशिक्षक यशस्वी जायसवाल, परिधि भाटी तथा अशोक चौबे द्वारा अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी ग्रामीण तथा नगरीय चार्ज अधिकारी एवं जनगणना लिपिकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

प्रशिक्षण में जनगणना की समस्त प्रक्रियाओं, दायित्वों एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बताया गया कि जनगणना का प्रथम चरण, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 1 मई से 30 मई 2026 तक की जायेगी। इस चरण में सभी भवनों, जनगणना मकानों एवं परिवारों की पहचान कर उन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा तथा आवास की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी संकलित की जाएगी। यह चरण द्वितीय चरण की जनसंख्या गणना के लिए आधार तैयार करेगा, ताकि कोई भी व्यक्ति गणना से वंचित न रहे।

**In The Court Of I Additional Judge To I Civil Judge Class-I, District Court, Sehore**
**Presiding Officer:** दीपेन्द्र मालू
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MIC SUC/0000002/2026)
हसीना बी.. आवेदक
Vs
सीहोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, अनावेदक
Process Id-/2026
पेशी दिनांक 27.04.2026
प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता- तहसील व जिला सीहोर
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हसीना बी पत्नि स्व नुरद्दीन पुत्री विलायत खां निवासी 629 सुदामा नगर गली नं 07 तहसील हुजूर जिला भोपाल गोविंदपुरा भोपाल पता ने मृतक की निवासी राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 April 2026 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 April 2026को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 16 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
(दीपेन्द्र मालू)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश जिला सीहोर (म.प्र)

आज होगी दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक और रस्साकशी प्रतियोगिता

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्रतिभा और टीम स्पिरिट का शानदार संगम





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत दिनांक 24 फरवरी 2026 को विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का उत्साहपूर्ण एवं सफल आयोजन महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ सहभागिता की तथा विविध खेल गतिविधियों-कप कलेक्शन, वन हैंड–वन टीम चैलेंज, गाइड योर ब्लाइंड फोल्डेड फ्रेंड, पउगया कोन्स, कप रेस, बॉल ट्रांसफर बाय वन हैंड चैलेंज, बैलेंस वॉक विद फ्रेंड एवं कंसन्ट्रेशन विद फन-में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने कहा कि खेलकूद गतिविधियाँ छात्राओं के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास वृद्धि तथा टीम भावना को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम हैं, और ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का संचार करते हैं।

क्रीड़ा अधिकारी ने अपने वक्तव्य में छात्राओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक सुदृढ़ता ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा का भी आधार हैं, जिससे छात्राएँ शिक्षा के साथ-साथ जीवन कौशल में भी दक्ष बनती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा, जिनकी सक्रिय भागीदारी से सम्पूर्ण आयोजन सुव्यवस्थित एवं गरिमामय रूप से सम्पन्न हुआ।

दिनांक 25 दो 2026 को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में 100 मीटर दौड़ 400 मीटर दौड़ लंबी कूद गोला फेक भाला फेंक और छात्रों की रस्साकशी टीचर्स वर्सेस स्टाफ का क्रिकेट मैच किया जाना है।

### मुख्यालय स्थित तीनों कंपाजिट शराब दुकानों में से किसी पर नहीं लगी रेट लिस्ट

# बगैर रेट लिस्ट लगाए प्रिंट रेट से महंगे दामों में बेची जा रही शराब

### आबकारी विभाग के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, लुट रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




राजगढ़ मुख्यालय पर ही विभिन्न कंपनियों की अंग्रेजी सहित देशी शराब निर्धारित रेट से अधिक दामों में बेची जा रही है। मुख्यालय स्थित तीनों कंपाजिट शराब दुकानों के विक्रेताओं ने गाड़ी कमाई करने अपनी दुकानों के बाहर शराब के रेट के संबंध में किसी तरह की रेस्ट लिस्ट का बोर्ड या सूची नहीं लगाई हुई है। गत वर्ष हरिभूमि द्वारा यह मामला उठाए जाने पर कुछ दुकानों पर रेट लिस्ट के बोर्ड लगवाए दिए गए लेकिन अब हालात फिर से पुराने ढर्रे पर नजर आ रहे हैं। इस वर्ष शराब दुकानों का ठेका लेने वाले शराब व्यवसायियों की मनमानी के आगे लोग ठगे जा रहे हैं। इसमें आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यालय की सीमा क्षेत्रान्तर्गत देसी, विदेशी मदिरा की तीन दुकानें हैं। मुख्य बस स्टैंड, मिडवे ट्रीट के सामने एवं तीसरी नेवज नदी के छोटे पुल के समीप पार्क में स्थित हैं। इन तीनों ही दुकानों पर किसी तरह की कोई रेट लिस्ट नहीं लगी हुई है। तीनों दुकानों पर प्रिंट रेट से ज्यादा राशि में महंगी शराब बेची जा रही है। बड़ी बात तो यह है कि जब मुख्यालय स्थित शराब दुकानों पर नियमों की अनदेखी के यह हाल हैं तो अन्य कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति का आंकलन स्वयं ही किया जा सकता है। आबकारी विभाग के कई बड़े अधिकारी मुख्यालय पर ही निवासरत हैं। इसके बावजूद शराब विक्रेताओं की इस मनमानी पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है।

#### ठेके पर ही खुलेआम बैठकर शराब पीते हैं लोग

बड़ी बात यह भी शराब दुकानों पर बैठकर शराब पीना पूरी तरह नियम विरुद्ध है। इसके बावजूद सार्वजनिक स्थलों पर स्थित इन शराब दुकानों पर ही लोग खुलेआम बैठकर शराब का सेवन करते देखे जा रहे हैं। स्थानीय बस स्टैंड स्थित स्थित शराब दुकान के पास प्रतिदिन महिलाओं, आम यात्रियों की आवाजाही रहती है। ऐसे में शराब दुकानों के बाहर शराब पीने वाले लोग अक्सर अभद्रता करते भी देखे जा सकते हैं।

#### रात में भी मिल जाती है शराब

शराब विक्रेताओं द्वारा नियमों का मखौल उड़ाए जाने का मामला सिर्फ रेट लिस्ट तक ही सीमित नहीं है। बल्कि दुकान खोलने और बंद करने के निर्धारित समय का भी शराब दुकानदारों द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। पुराने बस स्टैंड स्थित पार्क में भी चौबीसों घंटे शराब मुहैया करवाई जा रही है। हरिभूमि के पास रात 2 बजे इस दुकान से शराब दिए जाने के वीडियो आदि उपलब्ध हैं। इसके साथ ही तीनों दुकानों से प्रिंट से अधिक राशि में बेची जा रही शराब के अलग-अलग समय पर बनाए गए वीडियो भी सुरक्षित हैं।

#### इनका कहना है...

मैं अधीनस्थों को भेजकर दुकानों को चेक करवा लेता हूं। मदिरा दुकानों पर रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य है।

रितेश लाल
जिला आबकारी अधिकारी, राजगढ़

### लाखों लोगों में से 1 को होता है लिंग कैंसर

# दुर्लभ कैंसर का किया सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अस्पताल में सर्जरी विशेषज्ञ डॉ अंकुर देशवाली ने हलाहेडी ग्राम के 35 वर्षीय पुरूष भंवरलाल के लिंग में सूजन और दर्द तथा पेशाब रुकने की शिकायत के साथ जिला अस्पताल में भर्ती हुए। इसमें लिंग कैंसर का मामला सामने आया जिसमें आपातकाल ऑपरेशन योजना और कैथेराइजेशन के साथ आंशिक पेनेक्टॉमी की गई। लिंग ऑपरेशन के दौरान जांच में लिंग पर 25 सेमी की गांठ पाई गई जिसमें नाजुक ऊतक थे और छूने पर खून वह रहा था। कैंसर को हटाकर लिंग का पुनर्निर्माण किया गया। इस जटिल ऑपरेशन के बाद मरीज की हालात स्थिर है। उल्लेखनीय है कि इसी सर्जिरी में निजी अस्पताल लाखों का बिल बनाकर मरीज का आर्थिक शोषण करते परंतु डॉ अंकुर देशवाली ने इसको निःशुल्क ही सरकारी जिला अस्पताल में ऑपरेट कर मिशाल कायम की है।



#### बाहर आता लाखों का खर्च

यदि निजी अस्पताल में यही ऑपरेशन किया जाता तो लाखों रुपए का खर्च मरीज को बहन करना पड़ता। परंतु डॉ अंकुर देशवाली के चलते यही ऑपरेशन बिना किसी खर्च के पूरा किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ अंकुर देशवाली जिले के लिए वरदान साबित हो रहे हैं जिन्होंने कई क्रिटिकल ऑपरेशन निःशुल्क करके जिले में ख्याती प्राप्त की है।

## 80 साल की महिला के आभूषण लूटने का प्रयास

### शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंचे घटना स्थल

**जीरापुर।** ग्राम मान्याखेड़ी में खलिहान में काम कर रही एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला का गला दबाकर चांदी के कड़े लूटने का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कमलाबाई पत्नी स्वर्गीय भंवरलाल गुर्जर, निवासी ग्राम मान्याखेड़ी, रविवार दोपहर करीब 1 बजे अपने खलिहान में कार्य कर रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए एक युवक ने उनका गला दबाकर हाथों में पहने चांदी के कड़े निकालने की कोशिश की। अचानक हुए हमले से महिला घबरा गई और शोर मचाने लगी। खलिहान बायपास एवं गांव के नजदीक होने से शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आरोपी के चंगुल से महिला को छुड़ाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गोपाल पिता नानूराम बागरी, निवासी पिलवास, थाना नलखेड़ा बताया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि जीरापुर क्षेत्र में पूर्व में भी इस प्रकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

## छात्रावास रसोईये को हटाया, अधीक्षक को नोटिस जारी

**बच्चों ने की थी समय पर खाना न मिलने की शिकायत**

**राजगढ़।** खिलचीपुर क्षेत्र स्थित 50 सीटर विमुक्त जाति बालक छात्रावास के बच्चों को समय पर भोजन न देने व अन्य लापरवाहियों पर प्रशासनिक जांच के बाद रसोईये, छात्रावास अधीक्षक और तैनात जलवाहक पर कार्यवाही की गई है। अंशकालिक रसोईये को जहां मौखिक आदेश पर हटा दिया गया है वहीं जलवाहक का 7 दिन का वेतन काटने एवं अधीक्षक व जलवाहक को शोकाज नोटिस जारी किए गए हैं। जानकारी के अनुसार उक्त छात्रावास के बच्चों ने शिकायत की थी कि उन्हें रविवार को भोजन नहीं दिया गया वहीं छात्रावास में गंदे पानी की समस्या व अन्य लापरवाहियां सामने आई थीं। मामला सामने आने पर प्रशासन ने जब जांच करवाई तो सामने आया कि जलवाहक(स्थाईकर्मी) प्रेमनारायण द्वारा 22 फरवरी की सुबह रसोईघर का ताला लगाकर चला गया था। जिसके चलते बच्चों को खाना नहीं मिल पाया है। मामले में लापरवाही पाए जाने पर छात्रावास अधीक्षक रामप्रसाद को नोटिस देने एवं जलवाहक का 7 दिवस का वेतन काटने के आदेश प्रसारित किए गए हैं। इसके साथी अंशकालिक रसोईये को भी हटा दिया गया है।

**आरोपियों के पास से ठगी की राशि की गई बरामद**

## किसान से 39 लाख की ठगी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**राजगढ़।** क्षेत्र के एक किसान को पहले से बिक चुकी एक जमीन दिलाने के नाम पर 39 लाख की धोखाघड़ी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोपियों के पास से ठगी की पूरी राशि भी पुलिस ने बरामद कर ली है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सोमवार दोपहर स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में एक प्रेसवार्ता कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला।



#### यह था पूरा मामला

एसपी ने बताया कि जगदीश गुर्जर निवासी ग्राम शिवपुरा ने नरसिंहगढ़ थाने में शिकायत की थी कि बांध निर्माण में उनकी जमीन डूब में गई थी। प्रशासन से मुआवजा के रूप में मिली राशि से वो अन्यत्र स्थान पर दूसरी कृषि भूमि क्रय करना चाहता था। इस दौरान जगदीश की मुलाकात धर्मेंद्र चैहान एवं एवं अजब सिंह दोनों निवासी थाना पथरिया जिला विदिशा से हुई। दोनों ने जगदीश को झांसे में लिया और 75 लाख में एक जमीन का सौदा तय हुआ। फरियादी जगदीश ने बयाना राशि के रूप में 14 लाख नकद एवं 25 लाख रुपए आरोपियों के खाते में ट्रांसफर कर दिए। जब बात जमीन की रजिस्ट्री की आई तो आरोपियों ने हीलाहवाली की। काफी समय बीतने पर भी जब जगदीश को रुपए नहीं लौटाए गए तो उसने नरसिंहगढ़ थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई।

#### पूर्व में ही अन्य को बेची जा चुकी थी जमीन

जांच में ज्ञात हुआ कि संबंधित भूमि पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति को बेची जा चुकी थी एवं मामला भी न्यायालय में विचारधीन था। तब नरसिंहगढ़ पुलिस ने पूरा प्लान करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे ठगी का पूरी 39 लाख रुपए राशि भी बरामद कर ली।

### तस्करी करते 80.42 किलो गांजा बरामद तीन गिरफ्तार

**कुरावर।** पुलिस ने एनएच 46 नरसिंहगढ़-भोपाल रोड पर स्थित श्रीदेव ढाबा के पास एक ट्रक से 80.42 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत बाजार में लगभग पांच लाख आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान कालू सिंह उर्फ कालूसिंह सोंधिया, राजू उर्फ राजा राठौर और गिरिराज चैहान के रूप में हुई है। ये सभी ग्राम मेनाखेड़ी, थाना जीरापुर, जिला राजगढ़ के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 6477 को रोककर तलाशी ली, जिसमें 80.42 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने इस मामले में धारा 8द्20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गुटखा पाउच सहित 17 हजार नकदी और सामान ले उड़ चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सिंधी कॉलोनी में बीती रात एक किराना दुकान में चोरी हो गई। चोर दुकान के ताले तोड़कर लगभग 17 हजार रुपए नकद, गुटखा पाउच और अन्य किराना सामान चुरा ले गए। दुकानदार राजेंद्र रामानी रविवार सुबह जब दुकान पहुंचे, तो दुकान के ताले टूटे थे। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और नकदी गायब थी।

उन्होंने तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। डॉग स्क्वायड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में मदद कर रही है। दुकानदार राजेंद्र रामानी ने बताया कि उनकी दुकान से करीब 17 हजार रुपए नकद, राजश्री के पाउच और महंगी टॉफियां सहित अन्य किराना सामान चोरी हुआ है। उन्होंने मुख्य मार्ग पर स्थित दुकान में हुई इस वारदात पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की। स्थानीय निवासी नरेंद्र धनवानी ने भी सुबह दुकान के ताले टूटे होने और अंदर से नकदी व सामान गायब होने की पुष्टि की। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।




### अभद्र व्यवहार और पटवारियों की मांग पर ध्यान नहीं दिए जाने की शिकायत

## तहसीलदार के खिलाफ लामबंद हुए पटवारी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ

तहसीलदार विराट अवस्थी की कार्यप्रणाली से नाराज पटवारी संघ ने सोमवार को तहसीलदार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस दौरान संघ के बैनर तले कोठी बाग में पटवारी एकत्रित हुए और तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर प्रहार किए। इस दौरान पटवारियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी एसडीएम को सौंपकर मामले में कार्यवाही की मांग की है।

पटवारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए तहसीलदार को हटाने की मांग की है, पटवारियों का कहना है कि यदि तहसीलदार को नही हटाया गया तो वे काम नही करेंगे। इस दौरान अध्यक्ष हेमंत सक्सेना, सचिव विनोद सक्सेना, बब्लू चैधरी, विजय साहू, सुनील यादव, मनीष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पटवारी मौजूद थे। देखने मे आया है कि तहसीलदार अवस्थी के हठधर्मी रवैये से न केवल पटवारी परेशान है बल्कि आम जनो को भी समस्याएं झेलना पड़ती है। छोटे छोटे कामो के लिए तहसील कार्यालय में परेशान लोगो के आये दिन मामले सामने आते रहते है।



#### ज्ञापन में गिनाई समस्याएं

- कई बार लिखित ओर मौखिक शिकायतों के बाद भी डीए का भुगतान नहीं
- समयमान - वेतनमान का भी नहीं मिल रहा लाभ
- नवीन पटवारियों को नहीं मिल रहा फरवरी का वेतन
- हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी पटवारी राघवेंद्र मीणा, अर्चना प्रजापति को एरियर का नहीं कर रहे भुगतान
- कृषि संगणना भुगतान बाकी, देर शाम लेते हैं मीटिंग। महिला पटवारी को होती है अभद्रता
- इमरजेंसी के दौरान भी पटवारियों का अवकाश आवेदन निरस्त कर तहसीलदार अभद्रता करते है।
- फार्मर आईडी में निरन्तर प्रोग्रेस के बाद भी पटवारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने प्रमुख जन गोष्ठी का किया आयोजन

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सारंगपुर खंड द्वारा प्रमुख जनों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर राजगढ़ विभाग के संघचालक उदयसिंह चौहान एवं तहसील खंड चालक राधेश्याम शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की भूमिका जिला बौद्धिक प्रमुख सुशील व्यास ने प्रस्तुत की। अपने उद्बोधन में चौहान ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के उद्देश्य, कार्यपद्धति तथा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संघ द्वारा निर्धारित पांच परिवर्तनों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम सभी को राष्ट्र उत्थान के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

भारत ने सदियों से विश्व का मार्गदर्शन किया है और भविष्य में भी भारत को विश्वगुरु बनाने हेतु समाज के प्रत्येक वर्ग को संगठित होकर कार्य करना होगा। गोष्ठी में सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, शिक्षाचार और स्वदेशी जैसे विषयों पर भी विचार रखे गए। उपस्थित जनों के साथ समाज जीवन में किए जाने वाले करणीय कार्यों पर संवाद किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संघ, पेंशन संघ, शिक्षक संघ, मातृशक्ति, पत्रकार बंधु एवं वरिष्ठ नागरिकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंत में सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।




## रोगी कल्याण समिति की बैठक मंत्री टेटवाल की मौजूदगी में आयोजित



**सारंगपुर।** रविवार को मंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल सारंगपुर के परिसर का भ्रमण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। निरीक्षण के बाद मंत्री टेटवाल की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अस्पताल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। मंत्री टेटवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से संचालित हों। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता निरंतर जारी रहेगी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर एसडीएम रोहित बम्होरे, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लाइन क्षतिग्रस्त कर तालाब में भर रहे थे पानी

# पेयजल लाइन में तोड़फोड़ करने वाले ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

क्षेत्र के मोहनपुरा बांध से संबद्ध जल निगम की पेयजल लाइनों से हर घर, नल से जल पहुंचाया जा रहा है। लेकिन, कुछ ग्रामीणजन अपने व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए शासन की महती योजना को पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। ऐसे ही तीन किसानों पर जल निगम और प्रशासनिक टीम ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज करवाई है।



जानकारी के अनुसार कालीपीठ क्षेत्र में मोहनपुरा की पेयजल पाईपलाईन को क्षतिग्रस्त कर तीन ग्रामीणों द्वारा पानी का का उपयोग तालाब भरने में किया जा रहा था। प्रशासन को इस बात की सूचना मिलने पर जल निगम और पुलिस की टीम को मौके पर भिजवाया गया। सूचना सही पाई गई। यहां तीन किसानों नाथूलाल पिता देवीलाल दांगी, विष्णु पिता रामप्रसाद दांगी एवं शिवनारायण पिता माता प्रसाद द्वारा द्वारा मुख्य पेयजल लाईन में तोड़फोड़ कर पानी तालाब में छोड़ा जा रहा है। इस कृत्य से 20 गांवों में पेयजल सप्लाई बाधित हुई और हजारों ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऐसे में उक्त तीनों ग्रामीणों पर बीएनएस की धारा 152 के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

#### मौके पर पहुंची टीम सुचारू करवाई लाइन

जल निगम महाप्रबंधक उमाकांत चौधरी ने बताया कि पाइप लाइनों में नुकसान पहुंचाना एक गंभीर अपराध है। ऐसे में उक्त वैधानिक कार्यवाही करने के साथ ही टीम में शामिल योगेंद्र तोमर, जया शिवहरे व अन्य अमले द्वारा क्षतिग्रस्त लाईनों को तुरंत दुरुस्त भी करवाया गया। चौधरी ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं सामने आने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सीएमओ रानवे ने संभाला प्रभार

## मोबाइल प्यूरिफायर एवं कूलिंग वाटर टैंकर का किया लोकार्पण



**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के पद पर प्रशासनिक फेरबदल के बाद दीपक कुमार रानवे ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल की उपस्थिति में कार्यभार संभाला। पूर्व सीएमओ ज्योति सुनहरे को उनकी कार्यप्रणाली के दृष्टिगत संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र. भोपाल के आदेश दिनांक 19 फरवरी 2026 के तहत आगामी आदेश तक संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय, नर्मदापुरम से अस्थाई रूप से संबद्ध किया गया है। इसके अनुक्रम में कलेक्टर (शहरी विकास) जिला राजगढ़ के आदेश दिनांक 20 फरवरी 2026 के तहत उन्हें कार्यमुक्त किया गया। साथ ही नगर परिषद पचोर में पदस्थ प्रभारी सीएमओ दीपक कुमार रानवे को अपने मूल दायित्वों के साथ नगर पालिका परिषद सारंगपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया।

**खबर संक्षेप**

## प्रतियोगिता के लिए हुए प्रशिक्षण में सिखाए गुर

**सीहोर।** राजमाता विजयराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत आरएके कृषि महाविद्यालय, सीहोर में एससी विद्यार्थियों एवं फैकल्टी मेम्बेर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 24 फरवरी को सफलता पूर्वक हुआ। यह प्रशिक्षण कम्युनिकेयर ट्रेनिंग एंड कंटेंट सॉल्यूशंस, पुणे के सहयोग से आयोजित किया गया था। कम्युनिकेयर के निदेशककुशल राउत और वरिष्ठ प्रशिक्षक अनोज निसाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया एवं डॉ. एससी गुप्ता प्रभारी अधिष्ठाता ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस प्रशिक्षण में निम्नलिखित विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गयाः वृत्ति, प्रेरणा, आत्मविश्वास, स्वॉट विश्लेषण, संचार कौशल, प्रस्तुति कौशल, समूह चर्चा कौशल, व्यक्तिगत साक्षात्कार कौशल, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन और सोशल मीडिया एटिकेट्स सहित अन्य प्रासंगिक विषय। कुशल राउत ने छात्रों को आज के प्रतिस्पर्धी दुनिया में सफल होने के लिए सही प्रकार की वृत्ति, आत्म-प्रेरणा और आत्मविश्वास की आवश्यकता पर जोर दिया और इन गुणों को विकसित करने के तरीके बताए। छात्रों को स्वॉट विश्लेषण, इसके महत्व और अपने आंतरिक शक्तियों के आधार पर गुणवत्ता अवसरों को कैसे प्राप्त कर सकते हैं, इस पर भी मार्गदर्शन दिया गया। छात्रों ने जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले स्वॉट विश्लेषण करने का तरीका भी सीखा। संचार कौशल कक्षा में, छात्रों को प्रभावी संचार का महत्व, संचार में बाधाएं, और मौखिक और गैर-मौखिक प्रभावी संचार कौशल के बीच का अंतर और महत्व सिखाया गया। छात्रों ने संचार पर आधारित गतिविधियों में भी भाग लिया। कुशल ने छात्रों को समूह चर्चा कौशल के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया और उन्हें प्रतिस्पर्धी पेशेवर समूह चर्चाओं में सफल होने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप दिया।

### ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत वाहन चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

# सीसीटीवी कैमरों, मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद

थाना प्रभारी हाटपीपल्या और नेवरी चौकी प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीमों ने की कार्रवाई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में लगातार बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के अंतर्गत जनसहयोग से लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 3.50 लाख रुपए कीमत की 4 मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशन में जिले में वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 20 फरवरी 2026 को चौकी नेवरी थाना हाटपीपल्या में फरियादी कुलदीप लोधी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पल्सर मोटरसाइकिल (MP-41-ZC-2555) ग्राम नेवरी में दुकान के सामने खड़ी थी, जिसे अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले में थाना हाटपीपल्या में अपराध क्रमांक 71/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी हाटपीपल्या दीपक सिंह यादव एवं चौकी प्रभारी नेवरी हर्ष चौधरी के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के साथ-साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर उन्हें सोशल मीडिया पर साझा किया गया। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति साईं कृपा ढाबा, ग्राम शिवपुर मुंडला के पास देखे गए हैं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राहुल बामनिया और सुनील बाजड को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी सुनील ने बताया कि उसने अमरपुरा (थाना बीएनपी देवास), भूतिया (पीपलरांवा) और जिला सीहोर से भी मोटरसाइकिल चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 4 मोटरसाइकिल जब्त की हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

#### गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में राहुल पिता रमेश बामनिया (28 वर्ष), निवासी ग्राम सुरजाना, थाना पीपलरांवा, सुनील पिता गोकुल बाजड (34 वर्ष), निवासी ग्राम सुरजाना, थाना पीपलरांवा शामिल है।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दीपक यादव, चौकी प्रभारी हर्ष चौधरी, सउनि सुनील मालवीय, प्रआर मनोज शर्मा, आरक्षक दीपक, यशवंत धानुक, सैनिक बॉबी, पंकज, जितेन्द्र एवं भगवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वीआईटी बी ने वीआईटी ए को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर वीआईटी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में खेली जा रही स्पोटर्स मीट 2026 के अंतर्गत एक तरफा फाइनल में वीआईटी बी ने वीआईटी ए को 20 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। वहीं मंगलवार को दो सेमीफाइल मैच खेले गए थे। इसमें पहला सेमीफाइनल मैच वीआईटी ए ने नौ विकेट से बीयू को हराया था और दूसरा सेमीफाइनल मैच वीआईटी बी ने एनआरआई वारियर्स भोपाल को 32 से हराकर फाइनल में स्थान पक्का किया। कोडिनेटर अतिक उररहमान ने बताया कि फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए वीआईटी बी ने 12 ओवर के इस मैच में आठ विकेट खोकर 110 रन बनाए थे। इसमें शुभम ने 23 रन, भाविन पटेल ने 24 गेंद पर 41 रन, आदित्य शर्मा ने 10 रन बनाए थे। वहीं ए की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रज्जवल ने दो विकेट, ऋषि ने एक और इशान राय ने तीन विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ए डीम 10.4 ओवर में दस विकेट खोकर 90 रन पर ढेर हो गई। इसमें आयुष ने 19 रन, आतिक उररहमान-गजेन्द्र ठाकुर ने 10-10 रन, प्रज्जवल झा ने 19 रन और इशान राय ने 11 रन बनाए थे। इधर बी की ओर से गेंदबाजी करते हुए गौरव ने पांच विकेट, आदित्य शर्मा ने 3 विकेट, भाविन-आयुष ने एक-एक विकेट हासिल किया। पहला सेमीफाइनल में बीयू ने 10 ओवर में छह विकेट खोकर 102 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीआईटी ए ने एक विकेट खोकर यह मैच नौ विकेट से जीता। इसमें आयुष ने 27 रन, ज्योर्तिमय ने 38 रन और मिलन वर्मा ने 35 रन बनाए थे। दूसरा सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए वीआईटी बी ने 10 ओवर में चार विकेट पर 128 रन बनाए थे। वहीं एनआरआई वारियर्स भोपाल की टीम सात विकेट खोकर 96 रन ही बना सकी। वीआईटी की ओर से गौरव ने 26 गेंद पर 66 रन की विस्फोटेक पारी खेली, इसके अलावा शुभम ने 30 रन बनाए थे।

## नई नीति वापस नहीं हुई तो 2 मार्च से होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्राइम रूट बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन द्वारा स्टेज कैरिज बसों के संचालन को लेकर लागू की जा रही नई नीति के विरोध में जिला कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बैस ने बताया बस संचालकों ने नई नीति को दमनकारी बताते हुए 2 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

एसोसिएशन द्वारा बताया गया कि 22 फरवरी को देवास में प्रदेशभर के बस मालिकों एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि स्टेज कैरिज बसों के संचालन संबंधी नई नीति से प्रदेश के समस्त बस मालिक आहत हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि इस संबंध में बस संचालक कई बार संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रख चुके हैं, किंतु अब तक कोई समाधान नहीं निकल सका है। ऐसे में यदि शासन द्वारा मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 2 मार्च 2026 से प्रदेश के समस्त यात्री बस संचालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि हड़ताल के कारण आम जनता को होने वाली असुविधा की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी।

प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं 24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन के प्रारूप को तत्काल वापस लिया जाए अथवा निरस्त किया जाए। 29 जनवरी 2026 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए। वर्तमान में प्रदेश में जिस व्यवस्था के अंतर्गत बस संचालन किया जा रहा है, उसे यथावत बनाए रखा जाए।

### भजन संध्या व श्याम की होली का होगा आयोजन

**सीहोर।** 27 फरवरी को शाम 5 बजे से सेकडाखेड़ी बाईपास स्थित श्यामेश्वर धाम सीहोर, खाटू श्याम मंदिर में भजन संध्या के संग श्याम की होली – फाग महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। जानकारी देते हुए मंदिर संस्थापक ऋषि सोलंकी ने बताया कि एक ऐसा आध्यात्मिक उत्सव जहाँ श्याम नाम की गूंज, भजनों की रसधार और रंग-गुलाल व फूलों की होली का अद्भुत आनंद मिलेगा विशेष आकर्षण में इत्र वर्षा, गुलाल और फूलों की होली होगी । इस आध्यात्मिक कार्यक्रम के आयोजक है खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक ऋषि सोलंकी जिन्होंने सिद्धपुर की पावन धारा पर घर घर तक श्याम नाम की भक्ति पहुंचाई है इस पावन अवसर पर हमारे बीच उपस्थित रहेंगे। दिर सह सचिव मनीष सोलंकी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे । मंदिर प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 फरवरी से 5 मार्च तक सीहोर नरेश के दरबार में फाग उत्सव मेला भी आयोजित किया जा रहा है। मैं आप सभी सनातन प्रेमियों से आग्रह करता हूँ कि श्याम नाम के झूलो में आप आपने बच्चो और इष्ट मित्रो के साथ आकर आनंद लेकर धर्म लाभ अर्जित करें और इस दिव्य आयोजन को भव्य बनाएं।

## महामंडल विधान के शुभारंभ पर किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मंगलवार को चौबीस फरवरी से अष्टांहिका महापर्व प्रारंभ हुआ। इस पावन पर्व के अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर मुनिश्री संस्कार सागर, विश्वसूर्य सागर,साध्य सागर मुनिराज एवं क्षुल्लक जी के पावन सानिध्य में नंदीश्वर दीप महामंडल विधान प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर किला मंदिर परिसर में ध्वजारोहण की लाभार्थी श्रीमती रानी मनीष बड़जात्या रही, मंत्रोच्चार के साथ मुनि संघ के सानिध्य एवं समाजजनों की उपस्थिति में ध्वजारोहण संपन्न कराया गया। मुनिश्री साध्य सागर महाराज ने उक्त विधान में अर्घ्य समर्पित करवाए।

नंदीश्वर द्वीप महामंडल विधान का शुभारंभ 24 फरवरी को हुआ। प्रथम दिन विधान की सात पूजाएं संपन्न हुईं। इस अवसर पर विराजित पूज्य मुनिश्री संस्कार सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बड़े पुण्यशाली श्रावक हैं, जिन्हें शाश्वत पर्व नंदीश्वर द्वीप विधान पूजन की आराधना का अवसर मिला है।मुनिश्री ने कहा कि मनुष्य पर्याय अत्यंत दुर्लभ है, किंतु इसकी दुर्लभता को हर कोई नहीं समझ पाता। जो इस दुर्लभता को समझ लेता है, वही अपने परिणामों को पवित्र बनाकर जीवन को धन्य कर पाता है। सामूहिक प्रभु भक्ति से अपार पुण्य का अर्जन होता है। केवल शब्द सुनने से कर्मों की निर्जरा नहीं होती, जिनवाणी को जीवन में उतारना पड़ता है। जब तक परिणामों में उज्ज्वलता और निर्मलता नहीं आती, तब तक मनुष्य पर्याय पाना सार्थक नहीं होता।

उन्होंने समाज की कम उपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी समाज में से बहुत कम लोग उपस्थित हैं। तीन मुनिराजों का सानिध्य मिलना मामूली बात नहीं है। देव, शास्त्र और गुरु का सानिध्य अत्यंत दुर्लभ है। 365 दिन पाप में निकल जाते हैं और पुण्य के लिए समय नहीं निकाल पाते। जैन कुल में जन्म लेना और मनुष्य पर्याय प्राप्त होना महान पुण्य का परिणाम है।मुनिश्री ने कहा कि आजकल लोग मोबाइल और टीवी पर प्रवचन सुन लेते हैं, लेकिन प्रत्यक्ष जिनवाणी का श्रवण अलग ही पुण्य देता है। देने वाला तो देता है, परंतु पाने के लिए भी पुण्य होना चाहिए। अवसर मिलने पर धर्म लाभ अवश्य लेना चाहिए।कोई आत्म कल्याण के पुरुषार्थ में लगा है तो कोई संसार के जाल में उलझा है। धर्म के प्रति रुचि बढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रातः उठकर णमोकार महामंत्र का जाप और भगवान की आराधना करना पंचम काल में भी तीव्र पुण्य का कारण है। ऐसा पुण्य अर्जित करें कि यह पर्याय छूटे तो साक्षात नंदीश्वर द्वीप में जन्म लेकर आराधना का सौभाग्य प्राप्त हो।धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से विधान पूजन में सहभागिता कर पुण्य अर्जित किया।

## संबल योजना में लापरवाही पर सीईओ जनपद ने सचिवों के वेतन आहरण पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शासन निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनांतर्गत आवेदक/उत्तराधिकारी द्वारा अपने परिवार के श्रमिक सदस्य की मृत्यु उपरांत सिटीजन सर्विस पोर्टल के माध्यम से सामान्य दुर्घटना मृत्यु के आवेदन ऑनलाईन दर्ज किये गये हैं। जिसके संबंध में ग्राम पंचायत नवरंगपुर, गोविंदपुरा, डूका, भॅवरा, झीकडीमेवाती एवं मुण्डलोमोहब्बा के सचिवों को कई बार कार्यालयीन पत्रों, शासकीय वॉटसएप्प ग्रुव एवं समीक्षा बैठकों में आवश्यक दस्तावेज सहित नस्ती प्रस्तुत करने के निर्देश दिये जाने के उपरांत भी दिनांक 24.02.2026 तक नस्ती जमा नही की गई।

उक्तानुसार पंचायत सचिवों द्वारा नस्ती समय पर प्रस्तुत नहीं करने से श्रमिक/मृतक का पात्रता संबंधी परीक्षण नहीं होने से भुगतान की आगामी कार्यवाही संभव नही हो सकी। जिसको दृष्टिगत रखते हुए कार्यालयीन आदेश क्रमांक 1048 संबल/जन.पंचा. 2026 आष्टा दिनांक 24.02.2026 से मेहरवान सिंह प्रजापति नवरंगपुर, विक्रमसिंह गौड-गोविंदपुरा, दर्शन वर्मा डूका, विनोद वर्मा-भॅवरा, विजेंद्र गुप्ता झीकडीमेवाती और बाबूसिंह मालवीय मूण्डला मोहब्बा के माह फरवरी 2026 के वेतन आहरण पर नियम अनुसार तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है।

### संत गाडगे रजक कल्याण समिति ने मनाई गाडगे महाराज की 150वीं जयंती

# रजक समाज ने संत के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प






हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वच्छता के जनक संत गाडगे महाराज की जन्म जयंती उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई। महाराज की 150वीं जयंती पर रजक समाज ने श्यामपुर रोड मंडी में कार्यक्रम का आयोजन किया।

जहां पर समाजजनों ने संत गाडगे महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर और पुष्प माला अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान समाज के वरिष्ठजन पुरण लाल मालवीय, जमना प्रसाद मालवीय इमरत लाल मालवीय, मुकेश बड़ोदिया ने संत श्री की जीवनी पर प्रकाश डाला कहा कि श्री संत गाडगे महाराज महाराष्ट्र के एक प्रसिद्ध संत, समाज सुधारक और उद्धारक थे। उनका जीवन विशेष रूप से गरीबों, पिछड़े वर्गों, और समाज के हाशिए पर रहने वाले लोगों के लिए समर्पित था।

वे अपने समय के सबसे प्रभावशाली समाज सुधारकों में से एक माने जाते हैं। उनका उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों, अंधविश्वास, और छुआछूत के खिलाफ जागरूकता फैलाना था। संत गाडगे महाराज का जन्म 23 फरवरी 1876 को हुआ था, उनका जीवन बहुत साधारण और सादा था। वे किसी विशेष आश्रम या मठ के स्थान पर नहीं रहते थे। उनका प्रमुख कार्य समाज सुधार और लोगों को शिक्षा देना था।

वह हमेशा गंदे कपड़े पहनते थे और किसी भी भौतिक सुख-सुविधा से दूर रहते थे। उनका मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों का उद्धार था। कार्यक्रम के दौरान श्याम मालवीय, अनिल मालवीय, गोविंद मालवीय, गिरधारी मालवीय, संदीप मालवीय, राकेश मालवीय, शुभम मालवीय, सोनू मालवीय, अमन रजक, धर्मेंद्र मालवीय, राहुल मालवीय, प्रकाश मालवीय, विनोद मालवीय, रितिक मालवीय, प्रिंस मालवीय सहित समाजजन उपस्थित थे।

#### आष्टा में भी हुए कार्यक्रम

आष्टा नगर में संत गाडगे बाबा का 150 जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सकल समाज के अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, समाज के अध्यक्ष बाबूलाल बिलोर, उपाध्यक्ष कैलाश बंजरिया, समाज के वरिष्ठजन देवी प्रसाद करोरिया, रमेश बिल्लोरे, संतोष मकरैया, डॉक्टर शंकर लाल मकरैया, सुरेश बिल्लौरे सहित अन्य सामाजिक बंधु और महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन सुमित लाल करोरिया ने किया। कार्यक्रम के अंत भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## दिव्यांगता की पहचान करने जनपद में लगा शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दिव्यांग बच्चे जन्म से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान करने हेतु स्क्रीनिंग शिविर 24 फरवरी को जनपद पंचायत आष्टा के सभा कक्ष में आयोजित किया गया।

जिससे कोई भी दिव्यांग बच्चा चिन्हांकन के बिना एवं लाभ से वंचित न हो तर्ज पर प्रत्येक संभावित दिव्यांग बच्चों की पहचान चिन्हांकन एवं प्रमाणन हेतु जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ द्वारा परीक्षण एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसमें कुल पंजीयन 67बच्चों का चिन्हांकन किया गया जिसमें से अन्य 2 तथा 14 अस्थि बाधित, 02 दृष्टि बाधित, 02 श्रवण बाधित 19 मानसिक बच्चों, 15 रेफर का चिन्हांकन एवं 39 मेडिकल सर्टिफिकेट एवं udid 31 वितरण और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर आवेदन दर्ज किए गए। जिसमें उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आष्टा अमित कुमार व्यास, जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के कर्मचारी और अन्य जनपद स्टाफ उपस्थित रहे।